4. साड़ियों की प्रदर्शनी व सेल के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

सेल | सेल | सेल

सभी प्रकार की साड़ियों पर 45 प्रतिशत तक की छूट का लाभ उठाएँ

सुरुचि साड़ी सेंटर

दुकान नं. -- एम्बिएंस मॉल, गुरुग्राम
के सौजन्य से
स्टॉक क्लीअरंस सेल

पहले आएँ, पहले पाएँ

हमारे यहाँ सूती, बनारसी, रेशमी, शिफॉन, रेयॉल, जार्जेट आदि की साड़ियाँ आकर्षक रंगों और डिज़ाइनों में, सस्ते दामों पर उपलब्ध हैं। 15 अक्तूबर 20... तक इस छूट का लाभ उठाइए। स्टॉक सीमित है, अतः जल्दी कीजिए।

Scanned by TapScanner

8. आप एक पुरानी कार बेचना चाहते हैं। कार के विषय में सभी विवरण देते हुए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।

विक्री हेतु कार

2 वर्ष पुरानी, बहुत अच्छी हालत में, सफेद रंग की मारुति एस्टीम LX1 (मॉडल 2015), लगभग 10 हजार किलोमीटर चली हुई कार बिक्री हेतु उपलब्ध है। कार में पायोनिअर स्टीरियो सिस्टम लगा है। कार के इंश्योरेंस व प्रदूषण-संबंधी कागजात पूरे हैं। कार देखने/टेस्ट ड्राइव के लिए संपर्क करें—सागर धीर, दूरभाष: 786xxxxxxx।

नोट: *इच्छुक सज्जन इस विज्ञापन के प्रकाशित होने के महीने भर के भीतर संपर्क करें क्योंकि कार-मालिक अगले महीने, एक वर्ष के लिए विदेश जा रहे हैं।*

Scanned by TapScanner

2. आपकी बड़ी बहन ने संगीत सिखाने के लिए एक संस्था खोली है इसके लिए 25-50 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

स्वर संगम संगीत विद्यालय

बी-52, लक्ष्मीनगर, नई दिल्ली

दूरभाष : 98××××××××, 011-24××××××

संस्थापिका

सुश्री पुष्पलता श्रीवास्तव

एम. ए. संगीत (गायन) स्वर्ण पदक प्राप्त; एम.फिल.

बी.एड. (संगीत प्रभाकर)

हमारे यहाँ हिंदुस्तानी व कर्नाटक संगीत पद्धतियों में गायन और वादन दोनों उपलब्ध हैं। वाद्य-यंत्रों में हारमोनियम, वायलिन व सितार आदि सिखाए जाते हैं।

गायन कक्षाएँ

सोमवार, बुधवार, शुक्रवार

वादन कक्षाएँ

मंगलवार, बृहस्पतिवार, शनिवार

(समय : सायंकाल 4:00 से 5:00)

Scanned by TapScanner